देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 146 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 9 सितंबर 2020

**विचार-प्रवाह...**हम कोई इकलौती अर्थव्यवस्था नहीं





मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0°

38342.51

2 धमकी, हम युद्ध से पीछे नहीं हटेंगे

7 बिग बैश लीग में खेलना चाहते हैं युवराज

# भारत ने खोली चीन की पोल

## रेजांग ला में सैनिक आमने-सामने, तनाव चरम पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। पैंगोंग झील के दक्षिण किनारे रेजांग ला के पास भारत-चीन सैनिकों के बीच अब भी गतिरोध जारी है। 30-40 चीनी सैनिकों की टुकड़ी वहां मौजूद है। सूत्रों के मुताबिक, तीन दिन से लगातार चीनी सैनिक उन चोटियों पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं जहां भारतीय सैनिक तैनात हैं। जिस तरह पहले पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर फिंगर- 4 में भारत-चीन सैनिक आमने-सामने थे, उसी तरह अब तनाव का सबसे बड़ा पॉइंट रेजांग ला के पास की चोटियां बन गई हैं।

भारत ने कहा है कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने एलएसी पर फिर से उकसावे की कार्रवाई की और द्विपक्षीय समझौतों का

**भारत सरकार ने किया था साफ, चीनी सैनिकों ने चलाई गोलियां हमने नहीं**

उल्लंघन करते हुए फायरिंग भी की। यह एलएसी पर गोली नहीं चलाने की वर्षों पुरानी नीति का उल्लंघन है। चीन पेंगोंग लेक के दक्षिणी छोर पर स्थित पहाड़ियों पर कब्जा करना चाहता है। इस कोशिश में उसके सैनिक बार-बार उधर कूच करते हैं, लेकिन भारतीय सेना की किलेबंदी के सामने उनकी एक नहीं चल रही है। 29-30 अगस्त की रात भी चीनी सैनिकों ने यही किया था जिसे भारत की स्पेशल फ्रंटियर फोर्स ने अच्छी तरह नाकाम कर दिया।

दरअसल चीन की दीर्घावधि योजना भारत को अस्थिर करने की है। इसके लिए वो 3,488 किमी लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव पैदा करता रहता है। उसे लगता है कि इससे भारत की राजनीति में उथल-पुथल मचेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकतवर छवि को नुकसान पहुंचेगा। इस ख्वाब को पूरा करने के लिए वह अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान की मदद ले रहा है जो पश्चिमी सीमा पर भारतीय सेना को उलझाए रखने के लिए नियंत्रण रेखा पर ताबड़तोड़ फायरिंग करता है।

भारत-चीन सीमा पर पिछली बार 1975 में गोलियां चली थीं। उस समय अरुणाचल प्रदेश के तुलुंग ला में असम राइफल्स के जवानों की पैट्रोलिंग टीम पर हमला हुआ था, जिसमें कई जवान शहीद हुए थे।

### एलएसी पर भारत-चीन में खुला नया मोर्चा



सेना ने पूरी घटना पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 7 सितंबर को पीएलए के जवानों ने एलएसी से लगी हुई हमारी एक फॉरवर्ड पोजीशन के करीब आने की कोशिश की। जब हमारे जवानों ने इसका जवाब दिया तो चीन की सेना ने हमारे जवानों को धमकी देने के अंदाज में हवाई फायरिंग की। हालांकि, इस गंभीर उकसावे के बावजूद हमारी सेना ने जिम्मेदार और परिपक्व तरीके से मौके को संभाला।

### अपनी गलती भारत के सिर मढ़ रहा चीन

पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर मुंह की खाने के बाद चीन तिलमिला उठा है। बार-बार सीमा पर आक्रमण की कोशिश करता है मगर असफलता मिलती है। 7 सितंबर की घटना के लिए चीन ने भारत को जिम्मेदार ठहराया था। भारत ने अपने जवाब में साफ कर दिया कि गोलियां चीनी सैनिकों ने चलाईं। अब चीन ने फिर दोहराया है कि भारत ने उसे पैट्रोलिंग जवानों पर फायर किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा कि भारत के जो सैनिक सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें वापस बुलाया जाना चाहिए। पैगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ऊंचाई वाली कई जगहों पर मौजूद है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवसेना ने कंगना के खिलाफ ठाणे में शिकायत की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। शिवसेना की आईटी सेल ने कंगना रनोट के खिलाफ ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत की है। आईटी सेल की मांग है कि कंगना पर राजद्रोह का केस दर्ज किया जाए, क्योंकि उन्होंने मुंबई की तुलना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से की थी। इस मांग पर पुलिस कानूनी राय ले रही है। उधर, बीएमसी ने मंगलवार को कंगना के ऑफिस पर अवैध निर्माण का नोटिस चस्पा दिया। कंगना ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

### यूपी में रविवार का लॉकडाउन भी खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए राज्य में लागू वीकेंड लॉकडाउन को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। प्रदेश में अनलॉक-4 के तहत सिर्फ रविवार को साप्ताहिक बंदी कर दी थी। अब सरकार ने रविवार की बंदी की बाध्यता भी खत्म कर दी है। यानी अब बाजारों में पुरानी व्यवस्था लागू की जा सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा बैठक के बाद रविवार को होने वाला लॉकडाउन भी खत्म कर दिया है। इससे पहले दो दिनों का वीकेंड लॉकडाउन शनिवार और रविवार का होता था।

### दुकान में बैठे युवक पर आधा दर्जन का जानलेवा हमला

**संवाददाता** हरिद्वार। पुलिस से शिकायत करने से गुस्साए दर्जनभर युवकों ने लाठी, डंडों, चाकू आदि से लैस होकर दुकान पर बैठे युवक पर जानलेवा हमला करते हुए घायल कर दिया। घटना से चौक में भगदड़ मच गई, सूचना पर पुलिस के मौके पर पहुँचने पर आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। घटना के सम्बंध में आधा दर्जन युवकों पर जानलेवा हमला करने सहित अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज कराया है। इस घटना को रविवार की रात को हुई मारपीट की घटना में से जोड़ कर देखा जा रहा है।

# वायरस से डरिए, टेस्ट से नहीं देरी हुई तो मुश्किल होगी

## लक्षण के बाद भी कोरोना टेस्ट न कराने की शिकायतों पर बोली सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि टेस्टिंग बढ़ने से केस तो बढ़ रहे हैं लेकिन रिकवरी रेट लगातार बढ़ रहा है और केस फैटलिटी रेट लगातार गिर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि हमारा रिकवरी रेट अच्छा है और मोर्टेलिटी रेट भी दुनिया में सबसे अच्छे में से एक है। वहीं, आईसीएमआर ने लोगों से टेस्टिंग से न डरने की अपील करते हुए कहा कि देर होगी तो किसी भी उम्र के शख्स को दिक्कत हो सकती है।

हेल्थ मिनिस्ट्री में सचिव राजेश भूषण ने कहा कि अगस्त के पहले सप्ताह में केस फैटलिटी रेट 2.15 था जो अब 1.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अब हम उस दिशा में बढ़ रहे हैं जहां केस फैटलिटी रेट को 1 प्रतिशत से नीचे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 5 राज्यों में ही संक्रमण के 62 प्रतिशत और कुल मौतों के 70 प्रतिशत केस हैं। कुल केस में अकेले महाराष्ट्र में 26.85 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 11.08 प्रतिशत है।

भूषण ने कहा कि आज देश में 8 लाख 83 हजार ऐक्टिव केस हैं और 33 लाख 23 हजार लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत में प्रति 10 लाख आबादी पर 53 मौतें दर्ज की गई हैं, जो ज्यादा प्रभावित देशों में सबसे कम है। जिन देशों से भारत की तुलना की जा रही है वहां प्रति 10 लाख आबादी पर 500 से 600 मौतें हो रही हैं।

इस दौरान नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वीके पॉल ने कोरोना के बढ़ते केस के बीच लोगों में बढ़ रहे एक खतरनाक ट्रेंड्स को लेकर आगाह किया। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि कई लोग कोरोना जैसे लक्षण के बावजूद टेस्ट से बच रहे हैं। यह ठीक नहीं है।

### लापरवाही बिल्कुल न करें: डॉक्टर पॉल

लोगों से टेस्टिंग से न डरने की अपील करते हुए डॉक्टर पॉल ने कहा कि जैसे-जैसे आर्थिक गतिविधियां खुली हैं, उससे वायरस को एक शख्स से दूसर शख्स में जाने की सहूलियत बढ़ी है। इसलिए लापरवाही बिल्कुल न करें। आत्म अनुशासन खत्म न करें। हाथ जोड़कर विनती है कि मास्क पहनिए, दो गज की दूरी का पालन कीजिए, भीड़ में मत शामिल होइए, योग कीजिए। इधर-उधर थूकिए मत। हाथ को धोइए। ये नियम अब पहले से भी कहीं ज्यादा जरूरी हो गए हैं। सरकारों से शिकायत मिल रही है कि जनता थोड़ा बेपरवाह हो गई है।

# एनसीबी ने किया रिया चक्रवर्ती को गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में अब तक की सबसे बड़ी गिरफ्तारी हुई है। केस में मुख्य आरोपी रिया चक्रवर्ती को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अरेस्ट कर लिया है। अब बुधवार (9 सितंबर) को रिया की कोर्ट में पेशी होगी।

9 सितंबर को ही शौविक चक्रवर्ती, सैमुअल मिरांडा और दीपेश सावंत की रिमांड खत्म हो रही है, ऐसे में एनसीबी रिया के साथ ही इन तीनों को भी एकसाथ कोर्ट में पेश करेगी। कोर्ट की कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होनी है।

**रिया ने ड्रग्स मुहैया करवाने में की मदद:** सूत्रों की मानें तो कोर्ट से एनसीबी रिया की रिमांड की मांग करेगी जबकि बाकी तीनों के रिमांड की अवधि को बढ़ाने के लिए भी कहेगी। अब तक रिया ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया था लेकिन तीसरे दिन की पूछताछ में उन्होंने कबूल किया है कि उन्होंने ड्रग्स मुहैया करवाने में मदद की थी।

**ड्रग्स पार्टी का रहीं हिस्सा**

पूछताछ में रिया ने यह भी कबूल किया कि वह सुशांत की उन ड्रग्स पार्टियों का हिस्सा रहीं जहां सुशांत ने उन्हें ड्रग्स लेने को भी कहा था। रिया ने कहा कि वह श्योर नहीं हैं लेकिन संभव है कि उन्होंने मारिजुआना का सेवन किया हो।

### सुशांत सिंह केस

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो नहीं मांगेगी रिया की रिमांड**

**सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता- ईश्वर हमारे साथ हैं**

सुशांत की बहग श्वेता कीर्ति सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। रिया की गिरफ्तारी के साथ ही श्वेता ने ट्विटर पर लिखा- ईश्वर हमारे साथ है। लोगों ने कॉमेंट कर उन्हें इस जीत की बधाई दी है और कइयों ने कहा है कि सच और प्रार्थना की यह ताकत है। सुशांत सिंह राजपूत के फैन्स लगातार श्वेता को सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं दे रहे हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# चीनी सेना ने माना, अरुणाचल के लापता 5 युवक उसके पास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश से अगवा किए गए 5 भारतीयों को लेकर चीन ने पहले तो इसकी जानकारी होने से इनकार किया, लेकिन अब उसने स्वीकार किया है कि ये लोग उसके यहां है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को बताया कि अगवा भारतीयों को वापस लाने की प्रक्रिया चल रही है। अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी जिले के पांचों युवक जंगल में शिकार करने गए थे जहां से वे लापता हो गए। बाद में परिजनों ने आरोप लगाया कि चीनी सेना पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने उन्हें अगवा कर लिया है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने ट्वीट कर बताया, भारतीय सेना की तरफ से भेजे गए हॉटलाइन संदेश पर चीन की पीएलए ने जवाब दिया है। उन्होंने पुष्टि की है अरुणाचल प्रदेश से लापता युवा उनकी तरफ पाए गए हैं। उन्हें अधिकारियों को सौंपे जाने की आगे की आपौचारिकताओं पर काम किया जा रहा है।

**वापस लाने की चल रही प्रक्रिया: केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू**

एक दिन पहले ही सोमवार को चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अरुणाचल से लापता हुए युवकों के बारे में कोई जानकारी होने से इनकार किया था।